## खबर संक्षेप

### तालाब में नहाने गए 6 वर्षीय बालक की डूबने से हुई मौत

**विजयराघवगढ़।** तालाब में नहाने गए एक 6 वर्षीय मासूम बालक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना ग्राम देवरा कला में हुई। घटना की सूचना कढ़ोरी भूमिया पिता जुग्गू भूमिया द्वारा थाने में दी गई जिसके बाद उपनिरीक्षक अश्वनी यादव, नगर सैनिक रमेश ताम्रकार मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही पूरी की। पुलिस द्वारा बताया गया कि देवरा कला निवासी रामजी भूमिया का 6 वर्षीय पुत्र ऋतिक भूमिया गांव में स्थित तालाब में नहाने के लिए गया था। इसी दौरान बालक गहरे पानी में चला गया जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। जब बालक देर तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों द्वारा तालाब जाकर उसकी तलाश की गई जहां बालक का शव पाया गया। परिजन बालक के शव को घर के गए और इसके बाद खबर पुलिस को दी। मृतक का पोस्टमार्टम कराने उपरांत पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पुलिस की सक्रियता से लापता वृद्ध महिला मिली

**कटनी।** एक वृद्ध महिला अचानक से लापता हो गई। काफी ढूंढने के बाद भी जब नहीं मिली तो परिजनों ने रंगनाथ नगर पुलिस को जानकारी दी। थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाई और टीम की मदद से तत्काल वृद्ध मां को ढूंढ कर सुरक्षित उसके परिवार वालों के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि गत 28 मई 25 को रात 11 बजे कावसजी वार्ड निवासी एक व्यक्ति ने ने थाने आकर सूचना दी कि उसकी 80 वर्ष की मां जिनका स्वास्थ खराब रहता है, रात 10 बजे से घर पर नही है। सभी जगह तलाश कर लिया, लेकिन पता नही चला। जोकि अपने साथ मोबाईल ले गई है। जिससे कोई संपर्क नही हो रहा है। थाना प्रभारी ने तुरंत ही टीम को शहर के विभिन्न स्थानो, थाना क्षेत्र, स्टेशन, मंदिरो में तलाश किया गया एंव स्थानीय लोगो से पूछताछ की गई। सायबर सेल की मदद से महिला की तलाश की गई। कड़ी मशक्कतो के बाद 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को मुड़वारा रेल्वे ट्रेक के पास से लाकर सुरक्षित उसके पुत्र के सुपुर्द किया गया। बुजुर्ग मां को सुरक्षित पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली। परिजनों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की।

### किसी और के खाते में चली गई राशि, भटक रहा किसान



**विजयराघवगढ़।** धान व गेहूं विक्रय उपरांत उसकी राशि प्राप्त करने किसान दर-दर भटक रहे हैं। ग्राम रजरवारा नंबर 1 के निवासी रघुवर प्रसाद मिश्रा द्वारा धान विक्रय केंद्र प्रियदर्शनी विपणन सहकारी समिति विजय राघवगढ़ में 52 क्विंटल धान की 13 दिसंबर 2024 को विक्रय की गई जिसमें सहकारी समिति के रसीद क्रमांक00 71 द्वारा स्पष्ट किया गया था। श्री मिश्रा का जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित में होने के कारण इनका आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर खाता के साथ है किंतु बैंक के ऑपरेटर की अनदेखी के कारण इनके खाता क्रमांक में किसी अन्य व्यक्ति का मोबाइल नंबर लिंक होने के कारण धान की राशि 11487 रुपए किसी अनजान व्यक्ति के खाता क्रमांक में जाने के कारण व्यथित किसान रघुवर प्रसाद मिश्र को धान की राशि न मिलने के कारण परेशान सेवा सहकारी बैंक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं वही बैंक अधिकारी की ओर से अब और तब की तर्ज पर परेशान किया जा रहा है। कलेक्टर से मांग की गई है कि जिला सहकारी बैंक मर्यादित कार्यालय की जांच कराकर किसान के की राशि दिलाई जाए।

---

### कुठला थाना क्षेत्र में एंबुलेंस चालक की लाश मिलने के मामले का पुलिस ने किया खुलासा, आरोपित गिरफ्तार

# एंबुलेंस चालक ने गाली दी तो गमछे से गला घोट मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत झुकेही मार्ग में सड़क किनारे खड़ी एंबुलेंस में चालक की लाश मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। एंबुलेंस चालक द्वारा गाली गलौज करना युवक को इतना नागंवार गुजरा की उसने गमछे से उसका गला घोंट कर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार 27 मई 2025 को थाना कुठला क्षेत्रान्तर्गत कटनी मैहर हाईवे पर मोहन नगर तिराहा के पास आनंद धर्म कांटा के सामने मेन रोड के किनारे झुकेही में एम्बूलेंस में एक व्यक्ति का शव मिला था। मौके पर मृतक अजय चौधरी पिता राजेश चौधरी उम्र 25 साल निवासी ग्राम लम्हेटा थाना भेड़ाघाट जिला जबलपुर का शव एंबुलेंस के अंदर से बरामद किया गया था।

#### एंबुलेंस में मिली थी लाश

मृतक एंबुलेंस चालक विगत 26 मई को सरदार सिंह का शव मेडिकल कॉलेज जबलपुर से लेकर ग्राम मल्हान मैहर पहुँचाने गया था। वापसी में एम्बूलेंस मोहन नगर में आनंद धर्मकांटा के सामने रोड के किनारे खड़ी पाई गई। ड्रायवर अजय चौधरी एम्बुलेंस की सीट के बीच पीछे पड़ा था। मृतक के गले मे गमछा बंधा था। गमछे का एक छोर स्टेयरिंग पर बंधा था। जिससे एम्बुलेंस के ड्राईवर अजय चौधरी की मृत्यु हो गयी थी। सूचना पर तत्काल मौके में पहुँचकर स्थल निरीक्षण करते हुए वरिष्ट अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया व मर्ग पंजीबद्ध कर जाँच शुरू की गई।

#### ऐसे घूमी शक की सुई

घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। परिस्थितिजन्य साक्ष्य एवं घटनास्थल के निरीक्षण से पाया गया कि किसी व्यक्ति द्वारा एम्बूलेंस ड्रायवर अजय चौधरी की गले में गमछा का फंदा लगाकर हत्या की गई है। अजय चौधरी की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जिसके पश्चात कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के द्वारा सुसंगत धाराओं में हत्या का अपराध दर्ज कर कार्यवाही करते हुये अपनी टीम के साथ संदहियों से पूछताछ की गई। जिसमें सर्वप्रथम यह तथ्य प्रकाश में आया कि एम्बूलेंस ड्रायवर के साथ ग्राम शिवपुरी थाना रीठी निवासी शिवेन्द्र सिंह वापसी में साथ आया था। जिसका मोबाइल स्विच ऑफ पाया गया।



घटना के बाद वह फरार हो गया था। जिसके कारण शिवेन्द्र सिंह के ऊपर संदेह गहराया और पुलिस द्वारा उसकी तलाश शुरू की गई। आज 29 मई 2025 को रात्रि 02 बजे ग्राम महगवा से उसे गिरफ्तार किया गया।

#### शव लेकर गए थे पिपरिया

पूछताछ के दौरान संदेही शिवेन्द्र उर्फ सहरूख पिता जहांन सिंह गोंड़ उम्र 21 वर्ष निवासी शिवपुरी थाना रीठी ने बताया कि इसकी चचेरी बहिन के ससुर सरदार सिंह का रोड एक्सीडेन्ट में मृत्यु हो गई थी। जिनके शब को मेडीकल कालेज जबलपुर से उनके गृह ग्राम मल्हान पिपरिया मैहर एम्बुलेंस नम्बर MP20 BA6736 से बुक करके 7200 रूपये में ले जा रहे थे। शव के साथ मैं और शैलेन्द्र, एम्बुलेंस का चालक अजय चौधरी था।

#### दोनो ने साथ में पी शराब

गत 26 मई को रात्रि करीब 10 बजे वे लोग ग्राम मल्हान पिपरिया पहुंचे थे। जहाँ पर ड्रायवर के साथ पैमेन्ट को लेकर तकरार हुई थी, जिसके बाद शैलेन्द्र वही रूक गया था। शिवेन्द्र ड्रायवर के साथ उसी एम्बुलेंस में बैठकर कटनी आ रहा था। रात्रि करीब साढ़े दस बजे अमदरा टोल नाके के पहले रोड किनारे की कलारी (शराब दुकान) से अपने और ड्रायवर अजय चौधरी के लिए शराब खरीदी। दोनो ने शराब पी और वही पर रुके रहे। जिसके बाद फिर से वहाँ से दोनों चल दिये। इसके बाद अमदरा कलारी (शराब दुकान) गये और वहाँ पर भी शराब खरीदकर पिये फिर चलकर झुकेही बागेश्वर ढाबा मे नहर के पास रूके वहां पर शिवेंद्र ने करीब डेढ पाव शराब गाड़ी में बैठकर पिया। बची शराब गाड़ी में ही रख दिया।

थोड़ा सा आगे चले तो अजय बोला गाड़ी में पेट्रोल नहीं है और गाडी को रोड़ के किनारे खड़ा कर दिया और शिवेंद्र को पेट्रोल लेने के लिए भेज दिया। शिवेंद्र पहले झुकेही बस्ती गया जहाँ पेट्रोल पम्प मिला तो फिर अजय ने उसे कटनी तरफ की रोड़ में भेजा। काफी दूर बाद एक पेट्रोल पम्प मिला जहाँ उसने एक बाटल पेट्रोल खरीदकर लाया व गाड़ी में डाला फिर शिवेंद्र को अजय ने पानी लाने को कहा तो शिवेंद्र ने परेशान होकर मना कर दिया। जब शिवेंद्र ने अजय को कहा कि अब चलो मुझे कटनी पहुंचाओ तब वह गाली देने लगा और विवाद करने लगा। बोला कि मैं नहीं जाऊगा फिर दोनो एम्बुलेन्स की लम्बी वाली सीट मे अलग अलग लेट गये। मगर अजय लगातार गाली दिये जा रहा था। गुस्से से उसका गम्छा लेकर फंदा बनाकर उसके गले में फंसाकर खीच दिया वह कुछ बोल नहीं पाया केवल तड़पता रहा और गमछे का दूसरा सिरा स्टेरिंग में खीचकर बांध दिया। थोडी देर में ही अजय शांत हो गया।

#### मोबाइल व पैसे लेकर फरार

शिवेंद्र मृतक का मोबाईल और जेब में रखे पर्स को निकालकर वहां से पैदल शाहनगर रोड की ओर चला गया। रास्ते मे उसने मृतक अजय का मोबाईल व पर्स झाड़ियो में छिपा दिया। पर्स में 4500 रुपए थे जिन्हे लेकर वह पैदल कुछ दूर चल फिर आटो से बस स्टेण्ड कटनी आ गया। वहां से वह विकाश गुप्ता की अस्पताल गया जहां उसका जीजा और बडे पापा भर्ती थे। उसके बाद वह अपने गांव चला गया और खेत की मड़ैया में छिप गया।

कार्रवाई में निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र, उप निरीक्षक के० के० सिंह, सहायक उप निरीक्षक तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक अजय यादव, रामेश्वर सिंह, केशव मिश्रा, नन्दकिशोर अहिरवार, भगवत चौधरी, प्रशान्त विश्वकर्मा (सायबर सेल), आरक्षक सतेन्द्र सिंह, शिशिर पाण्डेय, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, अजय पाठक एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

---

*पशुपालकों को मार्गों में खुला नहीं छोड़ने ननि ने की अपील*

## आवारा मवेशियों को पकड़ कर कांजी हाउस भेजने हांका टीम की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर के विभिन्न मार्गों, सार्वजनिक स्थलों में घूमने वाले आवारा मवेशियों की धरपकड़ के लिए नगर निगम की हांका टीम द्वारा कार्यवाही की जा रही है। मवेशियों की वजह से न सिर्फ आवागमन बाधित होता है बल्कि हादसों का भी डर बना रहता है। कई बार मवेशियों की आपसी लड़ाई में आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है।

निगम की हांका टीम द्वारा नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों का रोजाना भ्रमण कर सार्वजनिक स्थलों एवं मुख्य मार्गों पर आवारा घूमने वाले गौवंशों को पकड़कर कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की जा रही है।



स्वास्थ अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर की सुगम यातायात को देखते हुए हांका गैंग द्वारा बुधवार को नदीपार मुख्य मार्ग पर आवारा यहां वहां बैठे एवं विचरण कर यातायात को बाधित कर रहे तीन गौवंश को कांजी हाउस भेजे जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की गई। वहीं गुरुवार को भी नई बस्ती काली माता मंदिर मंदिर मार्ग में दो गौवंश द्वारा आवारा विचरण कर यातायात बाधित करते पाए जाने पर हांका टीम द्वारा उन्हें पकड़कर वाहन के माध्यम से कांजी हाउस भेजा गया। टीम द्वारा नगर के मार्गों का भ्रमण कर आवारा विचरण करने वाले गौवंश को पकड़कर कांजी हाउस भेजने का कार्य अभी भी जारी है। स्वास्थ्य अधिकारी श्री सोनी ने नगर के पशुपालकों से अपने पालतू मवेशियों को सार्वजनिक मार्गों पर खुला न छोड़कर नगर की यातायात एवं सफाई व्यवस्था में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की अपील की है। गौरतलब है कि नगर के सार्वजनिक मार्गों की सुगम यातायात एवं सफाई व्यवस्था हेतु महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा आवारा पशुओं के विचरण पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश विगत दिवस आयोजित स्वस्थ विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए थे।

---

### निर्माणाधीन ऑडीटोरियम का अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



बरही नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 11 कटनी रोड में DMF फंड से 2 करोड़ की लागत से बन रहे ऑडिटोरियम का निरीक्षण नगर परिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल ने किया। एस्टीमेट में गड़बड़ी के चलते लगभग 4 माह से ऑडिटोरियम का काम बंद था लेकिन अध्यक्ष के प्रयास से यह काम फिर से शुरू हो गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार से काम के प्रति एवं गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने का निर्देश दिए साथ ही उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का प्रयोग करने को कहा। निरीक्षण के दौरान साथ में नगर परिषद के उपाध्यक्ष मोहन सिंह ,इंजीनियर अपेक्षा वर्मा वरिष्ठ पार्षद हीरालाल महतेल,पूर्व पार्षद सरमन सोनी, झल्ला बर्मन,पार्षद संतोष द्विवेदी एवं ठेकेदार प्रभाकर तिवारी,हेतराम तिवारी उपस्थित रहे।

---

## जल संरक्षण को लेकर अलग अलग गांवों में आयोजित हुआ कार्यक्रम, बनाई कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत परामर्शदाताओं ने ढीमरखेड़ा के अलग अलग सेक्टरों में जल संरक्षण को लेकर चौपाल और शपथ कार्यक्रम किया। ढीमरखेड़ा सेक्टर के परसेल गांव में शैलेष कुमार दुबे ने चौपाल में जल संरक्षण को लेकर जानकारी दी। ग्रामीणों को शपथ दिलाई। सिलौंड़ी सेक्टर में परामर्शदाता सत्येन्द्र सिंह राजपूत ने जल संरक्षण को लेकर बैठक का आयोजन किया।उमरियापान सेक्टर के पिपरिया सहलावन गांव में परामर्शदाता सुमित सिंह ठाकुर ने जल गंगा संवर्धन अभियान को



लेकर जानकारी दी। आगामी कार्ययोजना तैयार किया। छात्रों और स्थानीय ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इसके अलावा वहीं परामर्शदाता सुरेश कुमार दुबे ने पिंडरई ग्राम में छात्रों और ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर जल संरक्षण को लेकर जानकारी दी।मौरी नदी के त्रिवेणी घाट में जल संरक्षण के तहत कार्य करने की योजना बनाई। धरवारा सेक्टर में परामर्शदाता अनामिका मौर्य ने भी कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्र छात्राओं को शैक्षणिक कार्य कराया।

---

*झलवारा स्टेशन में होना है रेल लाइन कनेक्टिविटी का कार्य*

## एनआई कमीशनिंग कार्य के चलते रेल प्रशासन ने कई ट्रेने की निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास कार्य हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मण्डल में झलवारा रेलवे स्टेशन पर प्री एनआई व एनआई कमीशनिंग के तहत रेल लाइन कनेक्टिविटी का कार्य करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के दौरान पमरे से प्रारम्भ/ टर्मिनेट होने वाली एवं गुजरने वाली रद्द और मार्ग परवर्तित रेलगाड़ियाँ का विवरण इस प्रकार है।

दिनांक 03 जून से 09 जून 2025 तक भोपाल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 01 जून से 07 जून 2025 तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 02 जून से 07 जून 2025 तक जबलपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 03 जून से 08 जून 2025 तक अम्बिकापुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 02, 04 एवं 06 जून 2025 को रीवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 03, 05 एवं 07 जून 2025 को चिरमिरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 02 जून से 07 जून 2025 तक कटनी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 61601 कटनी-चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 03 जून से 08 जून 2025 तक चिरमिरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 61602 चिरमिरी-कटनी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 02 एवं 05 जून 2025 को लखनऊ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12535 लखनऊ-रायपुर गरीबरथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 03 एवं 06 जून 2025 को रायपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12536 रायपुर-लखनऊ गरीबरथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 03 एवं 06 जून 2025 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22867 दुर्ग-नज़मुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 04 एवं 07 जून 2025 को निजामुद्दीन से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22868 निजामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 01 जून 2025 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 02 जून 2025 को अजमेर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 05 जून 2025 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18205 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । दिनांक 07 जून 2025 को कानपूर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18206 नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

---

### ढीमरखेड़ा के 8 गांवों के 200 परिवारों ने खेती की ओर बढ़ाया कदम

## कृषि वैज्ञानिकों ने कहा मसालों और औषधीय खेती के लिए उपयुक्त है वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के ढीमरखेड़ा विकासखंड के 8 गांवों के 200 परिवारों ने अदरक, हल्दी और तुलसी की खेती की ओर कदम बढ़ाया है। कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक इन फसलों के लिए इस क्षेत्र की अनुकूल जलवायु और मृदा की वजह से यहां इनका काफी मात्रा में उत्पादन होना संभावित है। उत्पादन के बाद जल्दी ही यहां के अदरक, हल्दी व तुलसी के स्वाद, सुगंध और जायकों का जादू लोंगो के सिर चढ़कर बोलेगा।

भूमिधारी 175 किसान के साथ 88 एकड़ भूमि मे औषधीय फसल अदरक, हल्दी और तुलसी की खेती करने की योजना है। जिसमे से 75 किसान अदरक और हल्दी की खेती आधा एकड़ मे करेंगे। 100 किसान



हल्दी और तुलसी की खेती आधा एकड़ मे करेंगे।

ढीमरखेड़ा विकासखंड के 8 गांवों के 200 परिवार कृषि कार्य के साथ-साथ औषधीय और मसालों की फसल की खेती के साथ-साथ यहां के भूमिहीन परिवार मुर्गीपालन और बकरीपालन जैसा व्यवसाय कर अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर सकेंगे। पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह बताते हैं कि नाबार्ड टीडीएफ परियोजना की मदद से ग्राम कोठी, सगौना, हर्रई, सिवनी, दियागढ़, दैगवां, छाहर और उमरपानी गांव के लोग अब अश्वगंधा की खेती के बाद अदरक हल्दी और तुलसी की भी खेती करेंगे। इनकी उन्नत खेती का किसानों को बकायदा प्रशिक्षण भी दिलाया गया है। यहां के लोगों को अदरक, हल्दी और तुलसी का निःशुल्क बीज भी उपलब्ध कराया गया है।

पर्यावरणविद् श्री सिंह कहते हैं कि ढीमरखेड़ा विकासखंड में 100 किसानों ने 30 एकड़ में अश्वगंधा की खेती की है। पर्यावरण की अनुकूलता की वजह से खेतों में अश्वगंधा की बेहतरीन जड़ें तैयार हैं। अश्वगंधा की खेती करने वाले परिवारों को इसकी वाजिब कीमत दिलाने के लिए कई निजी नामी-गिरामी कंपनियों ने दिलचस्पी भी दिखाई है।


औषधीय एवं मसालों की प्रजाति के फसलों के विशेषज्ञ एवं प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. शांति स्वरूप सारस्वत ने किसानों को दिए जा रहे अदरक, हल्दी और तुलसी के बीजों का अवलोकन करने के बाद बताया कि ये अच्छी गुणवत्ता और प्रजाति के बीज हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को दिए जा रहे अदरक बीज 'महिमा' की उत्पादकता प्रति एकड़ 60-70 क्विंटल तक होती है। पर्यावरणविद् एवं सचिव निर्भय सिंह कहते हैं कि ढीमरखेड़ा क्षेत्र के 8 गांवों के 75 किसानों को 113 क्विंटल अदरक का बीज, 175 किसानों को 263 क्विंटल हल्दी का बीज और 100 किसानों को 10 किलोग्राम तुलसी का बीज निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। निःशुल्क बीजों का ग्रामीणों को वितरण भी शुरू हो गया है।

सभी 175 किसानों को 40-40 फलदार प्रजाति के पौधे रोपने के लिए दिए जाएंगे।

---

## लोकमाता के संघर्षों, जन कल्याण के कार्यों से छात्रों को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती की प्रतिमा और लोकमाता की तश्वीर पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। लोकमाता के जीवन दर्शन पर आधारित भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई का जीवन परिचय देते हुए उनके संघर्षों,उच्च विचारों एवं जन कल्याण के कार्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इसके अलावा उन्होंने देशहित में किये गए कार्यों को आत्मसात करने के साथ आगे बढ़ने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन दीपिका जैन ने किया और अहिल्या बाई की गौरव गाथा सुनाई। डॉ. जयप्रकाश अवस्थी ने भी लोकमाता के सशक्त नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों और दर्शन को बताया।इस मौके पर अभिलाषा चौरसिया, डॉ. नीमा सिंह, डॉ. दिव्या शुक्ला, डॉ. अरुणादास, डॉ. सोनम साहू, डॉ. ईश्वरदीन चौधरी,राजाराम सूर्यवंशी, मो. रहवर रजा मंसूरी, डॉ. आशीष पान्डेय की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### सहकारिता उद्योग समिति की बैठक आज होगी

**कटनी।** जिला पंचायत की सहकारिता उद्योग समिति की बैठक शुक्रवार 30 मई को जिला पंचायत के सभागार में दोपहर 12 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक के दौरान खरीफ उपार्जन 2024-25, रबी उपार्जन 2025-26, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, रासायनिक उर्वरक तथा बीज के भंडारण एवं वितरण तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की जायेगी। सहकारिता उद्योग समिति के सचिव ने कविता पंकज राय सभापति ग्राम मौजा सिलौड़ी, मोहनी देवी पांडेय सदस्य ग्राम पहाड़ी पो. निवार, प्रेमलाल केवट सदस्य ग्राम खजुरा पो. गुड़ेहा, प्रिया सिंह सदस्य ग्राम भनपुराकलां भटगवॉ, प्रदीप त्रिपाठी सदस्य ग्राम स्लीमनाबाद ब्रम्हाणपुरा, पंकज राय मनोनीत सदस्य ग्राम मौजा सिलौड़ी को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये प्रक्रिया प्रारंभ

**कटनी।** शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) एवं अशासकीय महाविद्यालयों में डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिये आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। योग्य अभ्यर्थी एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से प्रवेश के लिये पंजीयन कर सकेंगे। उक्त संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की बेबसाइट https://rsk-mponline.gov.in/ पर जाकर जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रथम चरण के प्रवेश पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जून निर्धारित की गयी है। उल्लेखनीय है कि उक्त संस्थानों में डीएलएड पाठ्यक्रम की नियत सीटों पर प्रवेश, अभ्यर्थी के कक्षा 12वीं में प्राप्तांकों के आधार पर मैरिट अनुसार शासन द्वारा आरक्षण संबंधी जारी निर्देशों के तहत किये जायेंगे। अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर आरक्षण नियमों के अनुसार मेरिट सूची 6 जून को तथा योग्य अभ्यर्थियों को विभिन्न संस्थानों में प्रवेश आवंटन 7 जून से 10 जून तक जारी किये जायेंगे। चयनित अभ्यर्थी 11 जून से 16 जून के मध्य उन्हें आंवटित संस्थानों में प्रवेश ले सकेंगे।

### भरभरा का गिरी दीवार, बड़ा हादसा टला

**कटनी।** एक मकान कि दीवार अचानक भरभरा के गिर गई। दीवार गिरने से आस पास के रहवासियों और राहगीरों मे हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार सत्यनारायण मंदिर के समीप गत शाम एक बंद पड़े मकान कि दीवार अचानक भरभरा के गिर गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है. कि मकान का निर्माण कार्य अधूरा हि छोड़ मकान मालिक ने घर को बंद कर दिया था। घर लगभग 3 वर्ष से अधिक समय से बंद पड़ा हुआ था। दीवार गिरने से राहगीरों और रहवासियों मे अफरा तफरी मच गई। घटना कि सूचना राहगीरो ने कोतवाली पुलिस और नगर निगम को दी। जानकारी लगते हि नगर निगम का अमला और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

### सरपंच पद का निर्वाचन पेपरलेस पद्धति से कराने की मॉक ड्रिल 30 मई को

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार जनपद पंचायत विजयराघवगढ के ग्राम पंचायत घुनौर में भविष्य में सरपंच पद के प्रस्तावित, निर्वाचन को पेपरलेस आईपीबीएमएस पद्धति से करने की तैयारी हेतु 30 मई को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक ग्राम पंचायत घुनौर में माक ड्रिल (नकली अभ्यास, प्रशिक्षण) आयोजित किया जाएगा। डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता ने बताया कि जनपद पंचायत विजयराघवगढ, ग्राम पंचायत घुनौर के अंतर्गत आने वाले तीन मतदान केन्द्रों क्रमशः प्रा. शा. भवन घनौर, प्रा. शा. भवन घनौर पुराना और प्रा. शा. भवन नडेरा में 30 मई को मॉकड्रिल (नकली अभ्यास,प्रशिक्षण) निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराया जाना नियत किया गया है। यह मॉक ड्रिल कार्य भविष्य मे होने वाले वास्तविक निर्वाचन की एक प्रारंभिक तैयारी के रूप मे एवं आम मतदाताओं को इस प्रक्रिया से परिचित कराने व जनजागरूकता हेतु किया जा रहा है। ग्राम पंचायत घुनौर के आम मतदाताओं एवं सभी से नवीन प्रायोगिक कार्यवाही मे सहभागिता की अपील की गई है।

---

### सड़क निर्माण के नाम पर खानापूर्ति, बारिश में बढ़ेगी ग्रामीणों की परेशानी

# मिट्टी बन गई दलदल, ग्रामीणों की मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढीमरखेड़ा



बड़ी पोंड़ी से मुरवारी पहुँच मार्ग सड़क की स्थिति बेहद खराब है। बरसात में दिनों में ग्रामीणों को उबड़ खाबड़ मार्ग से सफर करना होगा। मिट्टी और गढ्ढे होने से ग्रामीणों को परेशान होना पड़ेगा। राशि स्वीकृति हुए चार साल का समय गुजर गया, लेकिन सड़क का निर्माण अब तक नहीं हो सका। सड़क का निर्माण नहीं होने से बारिश के दिनों में ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित होगा। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी (आरईएस) के द्वारा करीब 32 लाख रुपये की राशि से ग्रेवल सड़क का निर्माण कार्य कराया जाना है। करीब साढ़े तीन किलोमीटर की यह सड़क बीते कई सालों से खराब पड़ी है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य के नाम पर ठेकेदार द्वारा सिर्फ खनापूर्ति की जा रही है। सड़क पर जहाँ गढ्ढे हैं, वहाँ ट्रैक्टर की सहायता से वहीं की मिट्टी बिछाई जा रही है, ताकि सड़क समतल हो सके।वह भी सिर्फ सड़क के कुछ भाग में, जबकि सड़क का अधिकतर भाग अब भी उबड़ खाबड़ पड़ा है। बुधवार और गुरुवार को बारिश से सड़क पर पड़ी मिट्टी मच गई। पैदल चलने वाले ग्रामीणों और किसानों के पैरों में मिट्टी लिपट गई, मोटरसाइकिल तो बीच रास्ते में ही फंस गई, बूंदाबांदी थमने का बाद मोटरसाइकिल को घसीटकर लाना पड़ा।

#### कई किमी का चक्कर

ग्रामीण अतुल त्रिपाठी, सच्चिदानंद तिवारी, जयकुमार पटेल, अशोक पटेल, अजय पटेल, सत्यम पांडेय सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बड़ी पोंड़ी के लोगों को जरूरती सामाग्री की खरीददारी के लिए मुरवारी गांव करीब तीन से चार किलोमीटर पड़ता है। नजदीक होने के कारण लोगों को समय और धन की बचत भी होती है। यहाँ लोगों को सभी प्रकार के संसाधन भी उपलब्ध हो जाते है। लेकिन सड़क खराब होने के कारण ग्रामीणों को 12 से 13 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है। साधन का अभाव भी रहता है।ऐसे में लोगों को उमरियापान और ढीमरखेड़ा जाना उनकी मजबूरी बन जाती है। सड़क नहीं बनने के कारण मुरवारी से ढीमरखेड़ा शासकीय महाविद्यालय आने वाले छात्र छात्राओं को चक्कर लगाकर आना पड़ता है। ग्रामीणों ने अनेकों दफा सड़क निर्माण की मांग किया, लेकिन जिम्मेदारों ने सुध नहीं लिया।

#### बारिश में होगी फजीहत

ग्रामीण रामनाथ पटेल, महेश पटेल, जयप्रकाश पटेल, रविकांत पटेल,देव शंकर पटेल सहित ग्रामीणों ने बताया कि बड़ी पोंड़ी से कौभी नाला होते हुए मुरवारी पहुँच मार्ग का निर्माण नहीं होने के कारण इस बार बारिश के दिनों फिर ग्रामीणों का आना जाना बंद हो जाएगा। सड़क पर मिट्टी होने से सड़क पूरी तरह से कीचड़मय हो जाती है। ऐसे में दो पहिया वाहनों का निकलना तो मुश्किल हैं।मिट्टी सनी और फिसल की समस्या होने के कारण पैदल सफर करने में भी ग्रामीण कतराते हैं। सड़क पर पत्थर और गढ्ढे होने के कारण लोगों को गिरने और चोटिल होने का खतरा भी हैं। इस कारण ग्रामीणों का बारिश में आवागमन बाधित हो जाता है। ग्रामीणों ने जल्द सड़क निर्माण की मांग किया हैं। ग्राम के अशोक पांडेय ने कहा कि मुरवारी से पोंडी तक बनाई जा रही सड़क में लीपापोती की जा रही है। ठेकेदार और विभाग की सांठगांठ हैं। विभागीय अधिकारी कार्रवाई करने से कतराते हैं। गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो तो ग्रामीणों को सुविधा मिलेंगी।

#### इनका कहना है

इस संबंध में उपयंत्री प्रदीप यादव का कहना है कि मुरवारी से पोंड़ी तक ग्रेवल रोड़ निर्माण होना है। मापदण्डों के मुताबिक सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार ने काम शुरू कर दिया है। ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए जल्द ही सड़क बनेंगी। वहीं एसडीओ आरईएस अजय केशरवानी का कहना है कि पहले जिस ठेकेदार को टेण्डर मिला था, कुछ दिनों बाद भी उनके द्वारा निर्माण शुरू नहीं किया गया। अब दूसरे ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य कराया जाएगा। ठेकेदार द्वारा सामग्री डाली जा रही है। एक सप्ताह में काम हो जाएगा।

---

## एमजीएम हास्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



अंतर्राष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एमजीएम हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। एमजीएम हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. पंकज गुप्ता के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। इस शिविर में 100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और उन्होंने सीबीसी टेस्ट, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर जांच, बीएमडी टेस्ट, और गायनाकोलॉजिस्ट से परामर्श जैसी सुविधाएं बिल्कुल मुफ्त प्राप्त कीं। इसके साथ ही ज़रूरतमंद मरीजों के लिए एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्स-रे और सोनोग्राफी जैसी विशेष जांचें भी निःशुल्क कराई गईं। शिविर का सफल संचालन डॉ. अपर्णा पैगवार, कंसल्टेंट गायनाकोलॉजिस्ट, ने किया जो एमजीएम हॉस्पिटल में २४ घण्टे उपलब्ध हैं और महिलाओं की स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पित हैं। एमजीएम हॉस्पिटल का यह प्रयास महिलाओं को सुलभ और गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

## गठित कमेटी करेगी प्रकरणों की समीक्षा

**कटनी।** सड़क दुर्घटनाओं में होनी वाली मृत्युदर में कमी लाने के लिए राह-वीर योजना शुरू की गई है। योजना की गाईड लाईन जारी कर दी गई है। कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा पुलिस थाना, अस्पताल/ट्रामा केयर सेंटर से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। इसकी प्रति संबंधित राह-वीर को भी भेजी जाएगी। मूल्यांकन समिति में संबंधित जिले के जिला मजिस्ट्रेट, एसएसपी, सीएमएचओ, आरटीओ (परिवहन विभाग) शामिल होंगे। ये समिति मासिक आधार पर प्रस्तावों की समीक्षा कर उन्हें मंजूरी देगी। चुने हुए राह वीर को राज्य परिवहन आयुक्त द्वारा सीधे बैंक खाते में प्रोत्साहन राशि का अंतरण किया जाएगा। राज्य स्तर पर इसकी निगरानी के लिए प्रमुख सचिव (गृह) की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय निगरानी समिति बनाई जाएगी। जो हर तीन महीने में योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। योजना 21 अप्रैल 2025 से प्रभावशील है।

---

## शहर में स्वच्छता बनाये रखने चलाया जा रहा सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

नगर के सार्वजनिक मार्गो की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखते हुए नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सफाई व्यवस्था मुहैया कराने के उद्धेश्य से निगम प्रशासन द्वारा रोजाना दो शिफ्ट में नगर के मुख्य एवं मार्गो, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों सहित वार्ड की अन्य गलियों की सफाई का कार्य निरंतर जारी है। इसके अतिरिक्त आगामी वर्षा काल के दौरान नगर में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो इस हेतु अभी से नगर के बड़े नालों सहित वार्ड की छोटी नालियों की अभियान चलाकर सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया जा रहा है।

सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर विगत रात्रिकालीन सफाई के दौरान स्वीपिंग मशीन चलाई जाकर रेल्वे स्टेशन मुख्य मार्ग सहित व्हीआईपी मार्ग एवं गणेश चैक की सफाई का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त स्वच्छता मित्रों के माध्यम से बस स्टेंड परिसर के विभिन्न स्थलों, पन्ना मोड़ मुख्य मार्ग, मिशन चैक, सुभाष चैक, गोल बाजार, सब्जी मंडी एवं झंडा बाजार में सफाई का कार्य किया जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त प्रातःकालीन दैनिक सफाई व्यवस्था के दौरान वार्ड के मुख्य एवं अन्य मार्गो सहित मुख्य मार्गो के डिवाइडर, गल्ला मंडी रोड, नदीपार मुक्तिधाम परिसर, पीर बाबा उर्स परिसर, गायत्री नगर, वार्ड क्रमांक 16 खेर माता मंदिर के सामने वार्ड क्रमांक 42 स्थित शनिदेव मंदिर के सामने, रैन बसेरा आश्रय स्थल, शिविर लाईन स्थित दिव्यांग शिविर स्थल एवं वार्ड क्रमांक 29 स्थित काली माता मंदिर के सामने सफाई कराई गई।

## शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रदान किया प्रशंसा पत्र

**कटनी।** सी. एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में अप्रैल माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ए ग्रेड अर्जित करने पर निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नगर निगम कटनी के स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक एवं एल 1 अधिकारी मदनमोहन चौकसे को प्रशंसा पत्र प्रदान किया है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में साफ सफाई दर्ज 275 शिकायतों में से 271 शिकायतों का 98.55 % , आवारा कुत्तों की प्राप्त 24 शिकायतों का 100% तथा आवारा पशुओं की प्राप्त कुल 5 शिकायतों का 100% निराकरण व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कराए जाने पर नगर निगम कटनी ने प्रदेश में चौथा स्थान अर्जित किया है। इस प्रकार स्वास्थ्य विभाग के विभागीय प्रदर्शन में सराहनीय योगदान के फलस्वरूप माह अप्रैल 25 में विभागवार ग्रेडिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रदेश भर में कटनी नगर निगम चौथे स्थान पर रहा है। इसमें स्वच्छता निरीक्षक श्री चौकसे का योगदान उत्कृष्ट श्रेणी का रहा है। इसलिए आयुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा स्वस्थ विभाग में सी एम हेल्पलाइन का कार्य कर रहे एल 1 अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक श्री चौकसे को बधाई पत्र प्रेषित करते हुए भविष्य में भी इसी निष्ठा एवं समर्पण भावना से आमजन की सेवा निष्पादन कर सी.एम. हेल्पलाइन 181 में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराने कहा है।

## हर्षोल्लास से मनाई गई महाराणा प्रताप एवं छत्रसाल की जयंती



महाराणा प्रताप व महाराज छत्रसाल की जयंती पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला कटनी द्वारा साउथ स्टेशन स्थित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर पुष्प हार पहनाकर व प्रसाद वितरण कर बड़े हर्षोल्लाह से मनाया गया तत्पश्चात रक्त स्वाभिमान नाम से कार्यक्रम (रक्त दान) आयोजित किया गया जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर द्वारा व्यक्ति किया गया कि रक्त दान कार्यक्रम का उद्देश हमारे पूर्वजो द्वारा देश की एकता अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पण, त्याग को याद करना है। तथा देश व समाज के लिए त्याग, बलिदान की प्रथा को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ जन ने अपने, अपने उद्बोधन देकर सामाजिक एकता व उत्थान हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दोरान अनिल सिंह सेंगर, अजय सिंह बघेल, हरी सिंह भदोरिया, अर्जुन सिंह भदोरिया,हरिषरण सिंह, अजीत सिंह चौहान, वीर सिंह, मधमेंद्र सिंह, मनीष सिंह, युवराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, किशोर सिंह, जसवेंद्र सिंह, सुनील सिंह मालगुजार,राजेंद्र सिंह बघेल, शैलेंद्र सिंह बघेल उपस्थित रहे।

---

## पीरबाबा उर्स मेला कार्यक्रम स्थल का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



पुलिस कप्तान अभिजीत कुमार रंजन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया द्वारा पीरबाबा उर्स मेले कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

#### व्यवस्थाएं बनाने निर्देश

पुलिस कप्तान के द्वारा साथ थाना प्रभारी माधव नगर निरीक्षक अभिषेक चौबे, यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल पांडे, झिंझरी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रियंका राजपूत और अन्य बल उपस्थित रहा। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तैयारी की समीक्षा की गई और प्रभारी अधिकारियों के लिए निर्देश जारी किए। साथ ही कार्यक्रम समिति को भी व्यवस्थाएं करने के लिए निर्देशित किया गया।

गौरतलब है कि 29 मई से 1 जून तक जबलपुर और कटनी के मध्य हाईवे के पास से एवं बिलहरी तिराहे से सड़क मार्ग परिवर्तित रहेगा पुलिस प्रशासन के द्वारा यह बताया गया है कि उक्त दिनांक को कटनी आने वाले वाहन ओवर ब्रिज का इस्तेमाल न करके सीधे बिलहरी मोड वाले रास्ते से शहर के अंदर आएंगे और कटनी से जबलपुर जाने वाले वाहन बिलहरी मोड़ से हाईवे की ओर मुड़कर जबलपुर जाएंगे पीर बाबा के सामने वाली मार्ग का इस्तेमाल केवल उसमें आने जाने वाले वाहन ही करें लोगों को असुविधा न हो इसके लिए कार्यक्रम समिति एवं पुलिस प्रशासन की ओर से प्रेस व्यक्ति विज्ञप्ति भी जारी की जा रही है।

### जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान का किया गया शुभारंभ

## किसानों को दी गई खेती की तकनीकी जानकारी, हल्दी-अदरक के बीज वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



जिले में गुरूवार से शुरू होकर 12 जून तक चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान का भव्य शुभारंभ हुआ। इसके लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग एवं अन्य कृषि से संबंधित विभागों के अधिकारियों के तीन दलों का गठन किया गया है। प्रथम दल द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारम्भ कार्यक्रम विकासखंड ढीमरखेडा के ग्राम कोठी में विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह की उपस्थिति में किया गया। द्वितीय दल के विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत बंडा में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद उरमलिया, जनपद कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष लाल हल्दकार एवं जनपद सदस्य राकेश साहू की उपस्थिति में किया गया एवं तृतीय दल के कार्यक्रम का शुभारम्भ विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत रीठी में जनपद अध्यक्ष प्रकाश साहू, जनपद सदस्य केराबाई कमलेश लोधी एवं उप सरपंच अंकित सोनी की उपस्थिति में किया गया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत कोठी विकासखंड ढीमरखेड़ा में विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह की गरिमामय उपस्थिति में उपस्थित कृषको को कार्यक्रम की रूप रेखा अनुसार खेती की तकनीकी जानकारी प्रदान करते हुए नाबार्ड वित्त पोषित योजना अंतर्गत मानव जीवन विकास समिति के कृषक उत्पादक संगठन के कृषकों को हल्दी- अदरक का बीज वितरित किया गया। ग्राम पंचायत बंडा विकासखंड कटनी में कृषकों से सीधे संवाद करते हुए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत कृषि तकनीको एवं आगामी फसलो की तैयारियों से संबंधित जानकारियां प्रदान की गयी। उप संचालक कृषि द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए मृदा स्वास्थ्य के बारे विस्तृत चर्चा करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित जन प्रतिनिधियों द्वारा उन्नतशील कृषको को बायो डीकंपोजर का वितरण कराया गया एवं इसके लाभों से अवगत कराया गया। सहायक कृषि यंत्री कृति पाण्डेय के द्वारा कस्टम हायरिंग सेंटर, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं अन्य कृषि यंत्रो से संबंधित जानकारी दी गयी।

---

### हरिद्वार गंगा आरती महोत्सव में किया प्रदर्शन

## अर्जिता ने कत्थक में वर्ल्ड रिकार्ड बुक में नाम कराया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरही





खितौली के प्रतिष्ठित नागरिक रामशंकर गुप्ता एवं श्रीमती ममता गुप्ता की नातिन एवं पुत्र डाक्टर जगदीश - पूजा गुप्ता की सुपुत्री एवं कपिल-शिखा गुप्ता की भतीजी अर्जिता गुप्ता (जयति) विगत चार वर्षो से कड़ी मेहनत से कत्थक नृत्य मे आज वो मुकाम हासिल किया जिसने पूरे परिवार एवं समाज का नाम रौशन कर दिया। हरिद्वार के गंगा आरती महोत्सव के दौरान मे कत्थक नादयोग गुरुकुल इंदौर की गुरु मां डा.रागिनी मख्खर के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व मे ,गुरु सानिध्य मे बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड मे नाम दर्ज कर बड़ी उपलब्धि हासिल किया है तथा 7 वर्षीय अर्जिता गुप्ता ने अपने परिवार एवं समाज का नाम रौशन किया है।

विगत वर्ष मे विजयराघवगढ़ महोत्सव के समय हरिहर तीर्थ मे कत्थक नृत्य मे देश विदेश से आये महान संतो के समक्ष संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा बिटिया को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया था

अर्जिता गुप्ता को इस मुकाम तक पहुँचाने वाले माता पिता श्रीमती पूजा गुप्ता एवं डाक्टर जगदीश गुप्ता का योगदान था। अर्जिता गुप्ता की मां डाक्टर पूजा गुप्ता ग्रहणी के साथ डाक्टर भी है जिन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से बिटिया के सपनो को साकार करने के लिए पूरी त्याग भावना के साथ कदम से कदम मिलाकर अर्जिता को आज ,हाई रेंज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड तक पहुंचा दिया। अर्जिता की सफलता मे पिता डाक्टर जगदीश गुप्ता जो पेशे से डाक्टर है और वर्तमान मे भाजपा मंडल बरही के मंडल अध्यक्ष है। डाक्टर जगदीश गुप्ता ने बिटिया अर्जिता को हौसला देकर आगे बढ़ाया और आज बिटिया ने आज कत्थक नृत्य मे टीम के साथ बेस्ट परमार्मेस देकर अपने गुरुजनो सहित अपने परिवार समाज का नाम प्रदेश ही नही पूरे भारत मे नाम रोशन किया और टीम नादयोग से अर्जिता ने बुक मे विश्व स्तर मे नाम दर्ज कराया। बिटिया के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बहुत बहुत शुभकामनाये बधाई दी हैं।

## कर्मचारियों को केशलेस उपचार की सुविधा से हर्ष

**कटनी।** प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को केशलेस उपचार की सुविधा प्रदान करने से खुशी की लहर है। मप्र अधिकारी -कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय प्रवक्ता मार्तण्ड सिंह राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा कर्मचारियों और उनके परिजनों के इलाज हेतु 20 लाख रूपये तक के खर्चे की व्यवस्था शासकीय कोष से करने हेतु, स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत से कर्मचारियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने से कर्मचारी जगत हर्षित और गौरवान्वित है। अभी कुछ ही दिन पहले मोहन सरकार द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को मिलने वाले दशकों पुराने भत्तों को पुनरीक्षित कर कर्मचारी जगत को आशा के अनुरूप राहत प्रदान करने की खुशी अभी कम ही नहीं हुई थी कि एक और नयी सौगात कर्मचारियों तथा पेंशन भोगीयों और उनके आश्रितों के इलाज जुड़ी प्रदान करने से खुशी का माहौ हैं। इस योजना के शुरू होते ही प्रदेश के मान्यता प्राप्त सर्वसुविधायुक्त चिकित्सालयों की एक सूची जारी की गयी है,जहाँ प्रदेश का कर्मचारी और उनके आश्रित बगैर किसी आर्थिक बोझ के अपना और अपने आश्रितों का मुफ्त में इलाज करा सकेंगे। इस योजना का कर्मचारी और पेंशनधारी ही नहीं बल्कि उनके आश्रित और उनके परिजन भी लाभ उठा सकेंगे।

## स्कूली बसों की जांच कर दिये निर्देश

**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने थाना क्षेत्र में मौजूद निजी स्कूल का औचक निरीक्षण करते हुए बसो को चेक किया। थाना प्रभारी अखलेश दाहिया द्वारा स्कूल जाकर स्कूल की बसो को चैक किया गया। इस दौरान वाहन चालको के लायसेस, वाहनो का रजिस्टेशन, फिटनिश चैक, सीसीटीवी कैमरे, फायर स्टेगुलशन, फर्स्टेड बॉक्स, स्पीड गवर्नर चैक किये गये तथा स्कूल संचालक, चालक एवं हेल्परो को यातायात के नियमो को पालन करने की समझाइश दी गयी।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस पार्टी की जय हिंद यात्रा आज निकलेगी पन्ना में

**पन्ना।** प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार समस्त जिलोंमें ष्जय हिंद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है यात्रा को लेकर जिलेभर में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष तथा प्रभारी द्वारा जिले भर में बैठके आयोजित की जा चुकी हैं मुख्यालय पर जय हिंद यात्रा का आयोजन दिनांक 30 मई 2025 दोपहर 04.00 बजे से जिला कांग्रेस कार्यालय पन्ना से गांधी चौक तक के लिए रखी गई है जिसमें जिला प्रभारी संजय यादवपूर्व विधायक बरगी सह प्रभारी श्रीमती कल्पना वर्मा पूर्व विधायक रैगांव, सह प्रभारी राजभान सिंह, सह प्रभारी भूपेंद्र राहुल भी उपस्थित रहेंगे और सभी ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारीगण, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ,पूर्व जिला अध्यक्ष महिला,यूथ, सेवादल, एनएसयूआई, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ,अल्पसंख्यक कांग्रेस, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कांग्रेस, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष गण एवं समस्त पदाधिकारी गण, समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जन,एवं आप सभी से आग्रह है कि जय हिंद यात्रा। में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे जिला अध्यक्ष शिवजीत सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता से सहयोग करने का अनुरोध किया है।

### मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव पन्ना पहुंचे महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर की माला अर्पण

**पन्ना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पन्ना प्रवास पर हैं उनके द्वारा पन्ना जिला मुख्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया सबसे पहले वह छत्रसाल पार्क पहुंचे जहां पर उन्होंने छत्रसाल जयंती के अवसर पर महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर माला अर्पण करते हुए आशीर्वाद लिया तत्पश्चात उनका स्वागत प्रणामी समाज द्वारा किया गया प्रमाण प्रणामी समाज के प्रतिनिधिमंडल में सचिव राकेश शर्मा बालकृष्ण शर्मा तिलक राज शर्मा आदि शामिल रहे मुख्यमंत्री श्री यादव को प्रणामी समाज द्वारा महाराजा छत्रसाल का छाया चित्र अर्पित किया इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद बीडी शर्मा क्षेत्रीय विधायक पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह विधायक गुनौर विधानसभा डॉ राजेश वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## जागरुक नागरिकों ने अस्तित्व खो रहे कुंआ बावड़ी नदी व तालाबों का महत्व किया प्रतिपादित

# 'पानी की एक बूंद को सहेजना है जरूरी प्राचीन जलस्त्रोतों का किया जाए जीर्णोद्धार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

एक दौर था जब नदी, तालाब, कुंआ, बावड़ी जैसे प्राकृतिक व मानव निर्मित जलस्त्रोत लोगों की प्यास बुझाने के साथ उनकी अन्य जलीय आवश्यक्ताओं की भी पूर्ति करते थे, लेकिन इस आधुनिक दौर में इन जल स्त्रोतों का स्थान नल-जल योजनाओं के अलावा, हैंडपंप, ट्यूबवेल आदि ने ले लिया है। इनसे लोगों का जीवन तो आसान हुआ है, लेकिन हमने उन प्राचीन धरोहरों को भी तिरस्कृत कर दिया है, जो कभी हमारे बुजुर्गों की प्यास बुझाते थे। वर्तमान में ग्रामीण व शहरी अंचलों में स्थित प्राचीन कुंआ, बावड़ी व तालाब उपेक्षा के चलते अपना अस्तित्व ही खो बैठे हैं जबकि यह सिर्फ जल प्रदाय करने वाले स्त्रोत ही नहीं थे, बल्कि वर्षा जल को संरक्षित कर भू-जल स्तर को बढ़ाने में भी सहायक थे इस संबंध में नगर के जागरूक जनों ने चिंता जताते हुए प्रशासन व नागरिकों से अपेक्षा की है कि वह प्राचीन जलस्त्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए आवश्यक कदम उठाएं साथ ही उन्होंने लोगों से पानी बचाने का आह्वान करते हुए कहा कि भू-जल स्तर का लगातार पाताल की ओर जाना चिंता का विषय है, इसलिए पानी की एक-एक बूंद को सहेजना जरूरी है। इसके अलावा वर्षा जल के संरक्षण के लिए भी जरूरी प्रयास किया जाना चाहिए।

### जल संरक्षण का रहा है बेहतरीन इतिहास



समाजसेवी कपिल गोटियां का कहना है कि प्राचीन काल से ही हमारे बुजुर्गों द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में सकारात्मक कार्य किए गए हैं। हमारे गांव, शहरों का सीमांकन ही तालाबों, झीलों, और नदियों के आधार पर किया जाना इनकी महत्ता बताता है हमारे धर्म आचार्यों द्वारा तो यह भी कहा गया है कि दस कुंए, एक तालाब के बराबर, दस तालाब एक झील के बराबर, दस झीलें एक पुत्र के एवं दस पुत्र एक पेड़ के बराबर हैं। भारत में जल संरक्षण का एक बेहतरीन इतिहास रहा है। सभी का दायित्व बनता है कि हम इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन में सदैव सक्रिय रहें।

**कपिल गोटियां**
**समाजसेवी तेन्दूखेड़ा**

### प्राचीन जल स्रोतों का हो जीणोद्धार



सेवानिवृत्त एसडीओ बीएल साहू का कहना है बढ़ती आबादी के साथ जल का दोहन भी बढ़ा है। जिससे भू-जल स्तर घटता जा रहा है। ऐसे में जल संकट की विकट समस्या पैदा होने के पहले हमारा जागना जरूरी है। हमारे आसपास प्राचीन जलस्त्रोतों के रूप में जो कुंआ नदी बावड़ी व तालाब हैं, उनका संरक्षण करना चाहिए। यदि सभी मिलकर इनकी साफ-सफाई व जीर्णोद्धार की ओर कदम उठाएंगे तो इनसे हमें पानी तो मिलेगा ही, क्षेत्र के जल स्तर में भी इजाफा होगा। खेतों में भी मेढ़-बंधान बनाकर हम वर्षा के जल को रोक सकते हैं। साथ ही खेत के एक छोटे से भाग को तालाब का रूप देकर जल स्तर को बढ़ाया जा सकता है।

**बीएल साहू**
**से. एसडीओ तेन्दूखेड़ा**

### कुआं, तालाब नदी बावड़ी खो रहे अस्तित्व



अधिवक्ता राकेश शर्मा का कहना है कि वर्तमान में हम देख रहे हैं कि हमारी कभी हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाले कुआं, तालाब नदी और बबडियों ने तो अस्तित्व ही खो दिया है। आसपास नदियों में छोटे-छोटे स्टॉप डैम, तालाबों का सा मू हि क श्रमदान से गहरीकरण एवं वर्षा के जल को अत्यधिक मात्रा में छोटी-छोटी बंधान, सोखफिट गड्ढों के माध्यम से रोककर, वाटर रिचार्ज के माध्यम से जल स्तर को बढ़ा सकते हैं। हमें यह ध्यान रखना होगा की जल को बचाया जा सकता है बनाया नहीं जा सकता। यदि हम इन प्रयासों पर काम कर पाते हैं।

**राकेश शर्मा**
**अधिवक्ता, तेन्दूखेड़ा**

### जल प्रदाता व संवर्धक बने रहें स्रोत



रजक समाज के अध्यक्ष भागीरथ रजक ने बताया कि अत्याधिक पानी के दोहन के चलते भू-जल स्तर गिरता जा रहा है। इन परिस्थितियों में हमें समझदारी दिखाने की आवश्यक्ता है, क्योंकि यदि आज पानी की बचत नहीं की जाएगी तो हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य भयावह हो जाएगा। गाड़ी को सीधे सटक से न धोकर बाल्टी मग्गे से धोया जा सकता है नहाते वक्त जितनी जरूरत है उतना ही पानी उपयोग किया जाए। इसके अलावा प्राचीन जल स्त्रोतों को उपेक्षित करने की बजाए संरक्षित किया जाए, ताकि वह सदैव जल प्रदाता और संवर्धक बने रहें। इसमें नागरिकों के साथ शासन-प्रशासन का सहयोग भी जरूरी है।

**भागीरथ रजक, तेन्दूखेड़ा**

## जल गंगा संवर्धन अभियानः ग्राम चौपाल में दिलाई शपथ




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिग्रामपुर

जबेरा सेक्टर सिंग्रामपुर के अंतर्गत कुसमी मनगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में BSW और MSW के छात्रों और ग्रामीण लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से - जल संरक्षण और नदी के महत्व को समझने के साथ-साथ उसके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई- पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझा और समाज में हर किसी की भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति शपथ ली और अपने दैनिक जीवन में इसका पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में - परामर्शदाता श्री मिथिलेश तिवारी जय साईं शिक्षा एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष सचेंद्र रजक- सीमा अहिरवार, दीक्षा अहिरवाल, बलराम रजक, रिचा मालवी, रिया, प्रथम, पलक और अन्य लोग उपस्थित थे। बता दें यह सामूहिक प्रयास न केवल पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है, बल्कि समाज में हर किसी की भूमिका को भी रेखांकित करता है।जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति शपथ लेने से लोगों में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी।

## ग्राम मलघन में अवैध खनन का बोलबाला, पत्थरों का खुलेआम हो रहा क्रय-विक्रय, प्रशासन बना मूक दर्शक

पन्ना।

पन्ना जिले की रैपुरा तहसील के ग्राम पंचायत मलघन से आ रही है, जहाँ अवैध खनन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पत्थरों का खुलेआम क्रय-विक्रय किया जा रहा है, लेकिन सबसे हैरानी की बात यह है कि 4 दिन पूर्व राजस्व विभाग को सूचित करने के बावजूद अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ग्राम मलघन के चितारवरा मे जहाँ खुलेआम ज़मीन से पत्थर को काटा जा रहा है, और पत्थरों की ढुलाई धड़ल्ले से की जा जारी है। ट्रैक्टर, ट्रॉली और अन्य भारी वाहन दिन-रात यहां से खनिज संपदा को बाहर ले जा रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो यह सब बिना किसी वैध अनुमति के किया जा रहा है। खेमा बंजारा द्वारा बताया गया की हमने कई बार शिकायत की है कि यहाँ अवैध खनन हो रहा है, लेकिन आज तक कोई अधिकारी यहाँ देखने तक नहीं आया। इस अवैध कारोबार में कुछ प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत होने की आशंका जताई जा रही है। सवाल ये उठता है कि आखिर क्यों राजस्व विभाग अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रहा हैं.यह प्रशासन की लापरवाही है या फिर कोई अंदरूनी गठजोड़।

## रात साढे तीन बजे अज्ञात वाहन ने ट्रासं फॉर्मर को टक्कर मार कर तोड़ा, सम्पूर्ण नगर बंद हो गई थी विद्युत सप्लाई

# सड़क किनारे निर्माण सामग्री रखने से हादसों का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा




नगर के एक्सीलेंस रोड़ पर ओमकार मिश्रा के घर के सामने रखे ट्रांस्फार्मर में भूसा भरकर जा रहे है किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर वहा से फरार हो गया है। जिस कारण रात लगभग साढे तीन बजे से लेकर सुबह लगभग 6 बजे तक सम्पूर्ण नगर की बिजली सप्लाई बंद रहीं। इसके अलावा ट्रांस्फार्मर सुधार कार्य करने के लिए वार्ड क्रमाक 8 के लगभग 150 घरो की बिजली सप्लाई दोपहर डेढ बजे तक बंद होने के कारण लोगो को पीने के पानी सहित अनेक समस्याओ का सामना करना पड़ा है। ज्ञात हो कि तारादेही चौराहे से एक्सीलेंस स्कूल तक सड़क के बीचो बीच डिवाईडर में से बिजली के खम्बे खड़े कर बिजली की तारे विछाई गई है इसके अलावा अनेक स्थानो पर बिजली कम्पनी के द्वारा ट्रांस्फार्मर भी रखे गए है। लेकिन विद्यानगर में मेन सड़को पर अपने मकान बनाने के लिए रेता गिटटी के ढेर लगाकर लोगो ने रखा हुआ है। जिस कारण सडक की चौड़ाई कम हो गई है। रात में आने जाने बाले वाहन ट्रांस्फार्मर से टकरा जाते है। जिस कारण सम्पूर्ण नगर की बिजली सप्लाई बंद हो जाती है। लगभग दो माह पहले भी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर ट्रांस्फार्मर को तोड़ दिया था। वर्तमान में ट्रांस्फार्मर मे वाहन की टक्कर से लगभग 30 हजार रूपए का बिजली कम्पनी को नुकसान हुआ है। इसके अलावा सम्पूर्ण नगर की तीन घंटे बिजली सप्लाई प्रभावित होने से एवं 10 घंटे लगभग 150 घरो की बिजली सप्लाई होने से अलग राजस्व हानी हुई है। बिजली कम्पनी के ऐई एमएफ अंसारी ने कहां है कि नगर परिषद की लापरवाही के कारण लोगो ने मकान बनाने का मटेरियल सडको पर डाल रखा है जिस कारण सडक की चैडाई कम हो गई है। जिसकी लिखित शिकायत भी नगर परिषद के सीएमओ से की जा रही है। साथ ही पुलिस थाने में भी सूचना दी जा रही है

## भगवान को भक्ति सबसे अधिक प्रिय है



**दमोह।** कल्याणपुरा पूरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्री राममिलन प्रशाद दुबे जी के मुखारबिन्द से नरसिंह भगवान ने जब भक्त को बचाने के लिए आए तो खम्मा फाड़ कर आ गए। भगवान को भक्ति सबसे अधिक प्रिय है। किसी भी प्रकार की भक्तों को दिक्कत आती है तो स्वयं भगवान भक्त को बचाने चले आते हैं। इसलिए भक्ति इतनी करो भगवान हमेशा प्रसन्न रहे हर व्यक्ति को भक्ति करनी चाहिए। जितना समय मिले भगवान के भजन में लगाना चाहिए। क्योंकि संकट के समय पर भगवान ही आते हैं। अपने आप का सुधार साथ में कुछ नहीं जाएगा ना रिश्ते नाते जो कुछ जाना है। वह आपकी भक्ति ईश्वर की प्रार्थना हर प्राणी को भजन पूजन करना चाहिए। हमेशा सत मार्ग पर चलो कल्याणपुर में चल रही है। श्रीमद् भागवत कथा बुंदेलखंडी भाषा में सरल स्वभाव से भागवत कथा का श्रोता आनंद ले रहे हैं। कथा श्रोता श्रीमती कुसुम रानी पुरुषोत्तम साहू ने सभी से कथा में आकर रसपान करने की अपील की है।

# संगठन ने पकड़ी पांच पेटी अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में शराब दुकान से लगातार अवैध शराब बिकवाई जा रही है भगवती मानव कल्याण संगठन भी लगातार नशा मुक्ति अभियान चलाकर अवैध शराब को पड़कर कार्यवाही करवा रहे केवलारी शराब दुकान से पांच पेटी शराब संगठन ने सतपारा डायमंड सड़क के पास पकड़कर पथरिया पुलिस थाने सुपुर्द किया जानकारी के अनुसार पूर्व में केवलारी शराब दुकान का गांव में विरोध किया जा रहा था और जो लोग विरोध कर रहे थे वह आज शराब दुकान में ही काम कर रहे हैं जिसमें केवलारी निवासी बृजेंद्र लोधी शराब दुकान में कार्य कर रहा है संगठन के कल्लन पटेल ने बताया कि भगवती मानव कल्याण संगठन लगातार नशा मुक्ति अभियान चलाकर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जो शराब दुकान द्वारा शराब सप्लाई की जाती है उसे पकड़ने का कार्य करता है इसके बावजूद भी शराब ठेकेदार द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बिकवाई जाती है लेकिन आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब पर कोई लगाम नहीं लगाई जा रही संगठन के खिलान पटेल ने बताया कि लगातार शराब दुकान से ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब सप्लाई की जा रही ग्रामीण क्षेत्रों में शाम होते ही माहौल खराब हो जाता है हम लोगों ने आज पांच पेटी अबैध शराब पकड़ी है जिसमें दो लोगो अबैध शराब ले जा रहे थे शराब दुकान के गद्दीदार ठेकेदार पर भी मामला दर्ज होना चाहिए जो यह कर्मचारियों को शराब सप्लाई करने के लिए कार्य करवा रहे है।

## श्री गौर राधा रमण मंदिर का वर्षगांठ महोत्सव प्रारंभ

**दमोह।** श्री गौर राधारमण जी की 35 वां वर्षगांठ महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 29 मई 2025 से 31 मई 2025 तक मनाया जा रहा है जिसमें नित्य प्रति प्रातः 5:00 बजे ठाकुर जी की मंगला आरती उसके पश्चात प्रभात फेरी निकाली जाती है सायं 7:30 बजे ठाकुर जी की संध्या आरती के पश्चात भजन संकीर्तन एवं धर्म प्रवचन का आयोजन श्री श्री हरे कृष्ण दास ब्रम्हचारी जी महराज द्वारा किया जा रहा है । 31 मई 2025 शनिवार को प्रातः 7:00 बजे श्री गौर राधा रमण मंदिर से एक विशाल नगर संकीर्तन शोभायात्रा प्रारंभ होकर उमा मिस्त्री की तलैया घंटाघर पुराना थाना, बड़ा पुल होते हुए श्री मंदिर में समाप्त होगी एवं दोपहर 12:00 बजे ठाकुर जी का महा अभिषेक दर्शन एवं महाआरती, प्रसाद वितरण होगा। मंदिर के पुजारी पं.शिव प्रसाद दुबे ने सभी सज्जन बृंद माता बहिनों से आयोजन में सम्मिलित होकर अपने मानव जीवन को सफल बनाने की अपील की है।



# कथा को बीच में रोककर नाटक नौटंकी करना कथा की मर्यादा को नष्ट करना है- पं रवि शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

ग्राम सकतपुर पिपरोधा मे दिव्य भव्य कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ हुई कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि आजकल कुछ कथावाचक मूल कथा को छोड़कर के कथा के बीच में कई प्रकार के नृत्य जैसे महाकाली नंदी मोर धुआं आदि उड़ाना जैसे कार्य करने लगे हैं जिससे मूल कथा हो ही नहीं पाती है यह सब कथा के पहले या कथा के बाद में भी किया जा सकता है कथा जो की आत्मरंजन का साधन है जिसे कुछ कथा वाचक सिर्फ मनोरंजन बनाकर के प्रस्तुत कर रहे हैं जो बहुत ही अनुचित है कुछ कथा वाचक तो कथा ना कह कर के कई प्रकार के चुटकुले कह रहे हैं और बड़ी विचित्र बात यह है कि वह लोगों में बहुत लोकप्रिय भी हो रहे हैं इससे कथा का सार नष्ट हो रहा है उन्होंने कहा कि सूरदास जी तो जन्म से अंधे थे पर भजन की महिमा तो देखो जब वो भजन करते थे तो बाल कृष्ण उनके सामने बैठकर उनका भजन सुनते थे हम आखें होकर भी भगवान को देख नहीं पाते और सूरदास जी अंधे होकर भी देख लेते थे एक बार वो भजन कर रहे थे तो वो भावराग में खो गए जिसमें कृष्णजी राधा जी के साथ नृत्य कर रहे थे और तभी राधा जी की एक पायल गिर गई तो सूरदास जी ने वो पायल उठा ली तो भगवान कृष्ण ने कहा कि सूरदास जी जब राधा जी अपनी पायल मागने आए तो आप उनके पैर पकड लेना राधा जी जब पायल मागॅने आई तो सूरदास जी ने पैर पकड लिए और कहा जब तक आप दोनों हमें दर्शन नहीं दोगें मै पैर नहीं छोंडूगा तो दोनो ने उन्हें दर्शन दिए और सूरदास जी के पास मन की आखें तो थी ही उन्हें दृष्टि भी प्रदान की और जब वो दर्शन देकर जाने लगी तो सूरदास जी ने कहा कि ये आखें तो ले जाओ, तब राधा जी ने कहा कि आप जन्म से अंधे हो अब आप को दुनिया नहीं देखनी तो उन्होने कहा मैने आपको देख लिया अब मुझे कुछ नहीं देखना आखैं होकर भी नहीं देख पा रहे और उन्होने अंधे होकर भी देख लिया जिसके भजन में जैसी ताकत होगी बांके बिहारी जी वैसे ही प्रकट होगें भजन की उम्र नहीं होती है तो जिसने बचपन में जवानी मे भजन नहीं किया वो कहे कि मै बुढापे में भजन करूगा बहुत मुश्किल होता है भगवान भी कहते है कि जैसे तुम मुझे ये अपने जीवन का बचा हुआ समय दे रहे हो वो भी आपके साथ वैसे ही करेंगे क्योंकि जो भक्त भगवान को जैसे भजता है भगवान भी उसको वैसा ही देते है और जब व्यक्ति बूढ़ा हो जाता है तो भगवान को कोसता है वो ये भूल जाता है कि क्या हमने भगवान का भजन किया था पहले खुद से ही प्रश्न कर लो क्योंकि जब तक वो व्यक्ति ये नहीं करेगा तो बांके बिहारी कैसे आएगें। हरिदास जी थे जिन्होंने अपनी संगीत साधना से भगवान को प्रकट कर लिया था कैसे प्रकट कर लिया उनके भजन में शक्ति थी जैसे उन्होने वो राग गाया और भगवान राधा जी के साथ प्रकट हो गए. भजन में बहुत शक्ति है सदा महामंत्र का भजन करें।

### युवाओं के लिए करियर काउंसलिंग और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**दमोह।** लार्सन एंड टुब्रो, एक प्रमुख निर्माण कंपनी, ने पटेरा में 70 से अधिक छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निर्माण क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करना था। आजीविका मिशन भवन, पटेरा में आयोजित इस कार्यक्रम में 5वीं / 8वीं पास अभ्यार्थियों ने भाग लिया। चयनित उम्मीदवारों को लखनादौन, जिला सिवनी में दस्तावेजों के साथ दिनांक 05.06.2025 को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया लार्सन एंड टुब्रो द्वारा निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद, उन्हें लार्सन एंड टुब्रो में लगभग 18,000 रुपये प्रति माह का वेतन दिया जाएगा। कंपनी 30 मई 2025 को तेंदूखेड़ा और जबेरा में भी इसी तरह कार्यक्रम रखा गया है। इस पहल से स्थानीय युवाओं को रोजगार योग्य कौशल प्रदान करने और निर्माण क्षेत्र में एक स्थिर करियर बनाने का अवसर मिलेगा ।

# पाइप लाइन बिछाकर पानी भिजवाने की व्यवस्था, ग्रामीणों में खुशी की लहर



**तेंदूखेड़ा।** पानी के लिए तीन माह से परेशान हो रहे ब्लॉक के आदीवासी टोला नन्हीदेवरी के ग्रामवासियो के ग्राम तक आखिरकार बुधवार को पीने का पानी पाइप लाइन से पहुंच गया है। जिस कारण ग्रामवासियों ने राहत की सांस ली है और सभी ग्रामवासियों के चेहरे पर खुशी नजर आई है ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत खमरियाकला के ग्राम नन्ही देवरी के लोग पिछले तीन माह से पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे थे। पीएचई विभाग ने भी अपने हाथ उठा लिए थे और कहा था कि यहां पर पानी की व्यवस्था उनके द्वारा नहीं की जा सकती है। लेकिन पीएचई विभाग ने लगभग 9 लाख रूपए का प्राक्लन बनाकर पंचायत को देकर बजट नहीं होने का हवाला दिया था। इसके अलावा जल निगम के द्वारा पाइप लाइन तो विछाई गई थी लेकिन पानी पहुंचाने में असमर्थ थे। जिन्होंने भी पानी पहुंचाने से मना कर दिया था। ग्रामवासी जिस कुआ से पानी भरते थे वह भी सूख गया था। पंचायत के द्वारा दो टैंक्कर भेजे जा रहे थे वह भी वंद हो गए थे। जिस कारण ग्रामवासियों ने परेशान होकर मंगलवार को आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत पोर्ते के साथ मिलकर पुनः दो दिन की चेतवानी देकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था और कहा था कि अगर पानी नहीं पहुंचा तो ग्रामवासी धरना प्रर्दशन करेगें। इसके पहले भी अनेक बार ज्ञापन दिए, धरना प्रर्दशन का हवाला दिया था। लेकिन अब प्रशासन ने ग्राम पंचायत खमरियांकला के ग्राम देवरी निजाम से लगभग एक किलोमीटर से अधिक लम्बी पाइप लाइन बिछाकर आदिवासी टोला नन्ही देवरी तक पानी भिजवाया गया है।


#### इनका कहना है

इस संबंध में जनपद सीईओ मनीष बागरी ने कहां कि ग्राम पंचायत के द्वारा 15वे वित पेयजल मद से 5 लाख रूपए खर्चकर पाइप लाइन बिछाकर नन्हेदेवरी तक पानी पहुंचाया गया है। ग्रामवासियों को अब पानी की समस्या से छुटकारा मिला।

### दमोह छतरपुर हाईवे पर ग्राम मारा के समीप कार व बाईक में सीधी भिड़ंत

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाईक सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देहात थाना की नरसिंहगढ़ चौकी अंतर्गत दमोह छतरपुर हाईवे पर ग्राम मारा के समीप गुरुवार सुबह करीब 5 बजे एक तेज रफ्तार कार और बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई घटना में बाइक सवार तीन युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद मौके पर पड़े युवकों को आनन फानन में जिला अस्पताल लाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया और सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। दूसरी ओर हादसे की खबर सुनकर एक मृतक की गर्भवती पत्नी ने भी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा तत्काल जिला अस्पताल लाया गया जहां उसकी हालत अब सामान्य बनी हुई है। दोपहर को मृतकों के गृह ग्राम में परिजनों ने हादसे पर अपना विरोध जताया और मामले में कड़ी कार्यवाही के साथ राहत राशि की भी मांग की है। प्राप्त जानकारी अनुसार तेजगढ़ थाना क्षेत्र के वादों पहाड़ निवासी चंदन पिता गेंदालाल अहिरवार 26 वर्ष, सोनू पिता नंदराम अहिरवाल 25 वर्ष, संदीप पिता रामजी अहिरवार 24 वर्ष बाइक सवार युवक ग्राम जेरठ में अपने भतीजे की शादी समारोह में शामिल होने गए थे। गुरुवार सुबह यह तीनों बाइक क्रमांक एमपी 34 जेडई 7497 जो वापस लौट रहे थे, इसी दौरान सामने से आ रही फॉर्च्यूनर क्रमांक एमपी 03 ए 8643 से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक सवार तीनों युवक हवा में उछलकर कई फीट दूर जा गिरे और उनकी बाइक भी काफी दूर जाकर गिरी।

घटनास्थल पर ही तीनों युवक लहूलुहान अवस्था में पड़े हुए थे। मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों द्वारा तीनों को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के शव को जिला अस्पताल स्थित शवगृह में रखवाया और परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजनों के जिला अस्पताल पहुंचने के बाद पंचनामा और पोस्टमार्टम कार्रवाई उपरांत शव परिजनों को सौंप दिए। वहीं पुलिस ने वाहनों को भी जप्त कर थाने में रखवाया है। सूत्रो के अनुसार बताया जा रहा है कि जिस वाहन की टक्कर से तीनों युवकों की मौत हुई है वह पुलिस महकमे का है, जो मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहा था और इसी दौरान यह हादसा हो गया। आरोप यह भी है की घटना के समय आरोपी वाहन अत्यधिक तेज रफ्तार में था जिसके चलते इतना बड़ा हादसा सामने आया।

### सड़क हादसे में मृत युवक की गर्भवती पत्नी ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

**तेंदूखेड़ा।** परिवार में शादी की खुशियां मना रहे परिजनों को जब एक साथ तीन मौतों की जानकारी मिली तो उनके साथ ग्रामवासी भी गमगीन हो गए। वहीं दूसरी ओर घटना की जानकारी मिलने पर मृतक संदीप अहिरवार की गर्भवती पत्नी निकिता ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों द्वारा महिला को जिला अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद उसकी हालत अब ठीक बताई जा रही है और उसे घर भी वापस भेज दिया गया है। दूसरी ओर घटना और हालातो को देखकर परिजन आक्रोशित हो गए और उन्होंने विरोध जताते हुए मृतकों के अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया और उनके विरोध के चलते जाम के हालात बन गए। विरोध की जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरव गंधर्व, सीएसपी अभिषेक तिवारी, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी, तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल, पथरिया थाना प्रभारी सुधीर बेगी, जबेरा थाना प्रभारी विकास चौहान, नोहटा थाना प्रभारी अरविंद सिंह, तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित, देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा सहित पंचायत प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और उनके द्वारा परिजनों की मांगों को सुनते हुए उन्हें उचित कार्यवाही का आश्वाशन दिया। परिजनों का कहना था मृतक सोनू व संदीप की पत्नी गर्भवती हैं और मृतक चंदन का एक मासूम पुत्र है। ऐसे में उनके परिवार पर आए संकट को देखते हुए उनकी परिवार को रोजगार और नौकरी दी जाए और उनके द्वारा आर्थिक सहायता की भी मांग की गई। वहीं पुलिस प्रशासन की समझाइस और आश्वासन के बाद भारी पुलिस बल और प्रशासन की मौजूदगी में मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



## बस की टक्कर से बाइक सवार घायल, जबलपुर रेफर, बस जब्त




**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारादेही मार्ग पर स्थित बांदीपुरा ग्राम के समीप एक बाइक सवार को यात्री बस ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे 108 की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां से युवक को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार जगदीश पिता प्यारेलाल लोधी उम्र 40 वर्ष निवासी बांदीपुरा ग्राम थाना तेन्दूखेड़ा है जो शाम को बाइक से तेन्दूखेड़ा की तरफ आ रहा है। उसी समय तेंदूखेड़ा से तारादेही जा रही है। बस क्रमांक एमपी 20 पी ए 0575 पिपरिया एक्सप्रेस कंपनी की बस से बाइक सवार की ड्राइवर तरफ टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे स्वास्थ्य केंद्र से इलाज के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा बस को जब्त कर आगे की कार्रवाई करते हुए मामले की जांच की जा रही है।

## शिवलिंग निर्माण और स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ



**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री श्री लखन पटेल पथरिया पहुंचें। उन्होंने संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में शिवलिंग निर्माण कार्य में सम्मिलित होकर पूजा-अर्चना की तथा परिसर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक तथा जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक ओर आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात मंत्री लखन पटेल पथरिया से भोपाल के लिए रवाना हो गए। कार्यक्रम का आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक कल्याण की भावना से किया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### खबर संक्षेप

## करियर काउंसलिंग और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**दमोह।** लार्सन एंड टुब्रो, एक प्रमुख निर्माण कंपनी, ने हटा में 90 से अधिक छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निर्माण क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करना था। आजीविका मिशन भवन, हटा में आयोजित इस कार्यक्रम में 5वीं / 8वीं पास अभ्यार्थियों ने भाग लिया। चयनित उम्मीदवारों को लखनादौन, जिला सिवनी में लार्सन एंड टुब्रो द्वारा निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद, उन्हें लार्सन एंड टुब्रो में लगभग 18,000 रुपये प्रति माह का वेतन दिया जाएगा। कंपनी 30 मई 2025 को तेंदूखेड़ा और जबेरा में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित है।

## 22 वाहनों पर की कार्यवाही

**दमोह।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 13 से 31 मई तक चलाए जा रहे विद्यालय वाहन एवं परिवहन वाहन चैकिंग के विशेष अभियान अंतर्गत ज़िला दमोह यातायात पुलिस द्वारा शहर के इमलाई तिराहा पर वाहन चैकिंग की गई । श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देश पर निरी दलबीर सिंह एवं स्टाफ द्वारा अभियान के तहत सघन चैकिंग कर 22 बसों में मानक अनुरूप व्यवस्थाएं ना पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की गई। उक्त 22 वाहनों पर कार्यवाही कर 29,000 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। अभियान अंतर्गत मुख्यालय भोपाल द्वारा बिना पंजीयन वाहन, बिना फिटनेस वाहन, बिना लाइसेंस का वाहन चलाने वाले चालकों, बिना सुरक्षा उपकरण, अधिगति, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

## इंजीनियर देवेन्द्र खरे के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त की

**दमोह।** लोक निर्माण विभाग भवन (पी. आई. यू. ) के ई.ई. श्री देवेंद्र कुमार खरे का 29 मई को लगभग दोपहर 12 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने असामयिक निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उनके परिवार को दुख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। श्री खरे का कुछ माह पूर्व हृदय का आपरेशन हुआ था, वे नागपुर में कैंसर का इलाज करा रहे थे। नागपुर में ही उनके निधन की जानकारी प्राप्त हुई है।

## 2 जून को होगा लोको वाले बाबा दमोह का सालाना उर्स

**दमोह।** हजरत दूल्हा सैयद हसन अली शाह रह. अलैह लोको वाले बाबा का सालाना उर्स 2 जून 2025 दिन सोमवार को होगा। दरगाह व्यवस्था कमेटी व दरगाह खादिम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बतलाया कि हर साल की तरह इस साल भी लोकों वाले बाबा का उर्स शानशौकत से मनाया जा रहा है. शरीफ खां मसूरी लोको में रहने वाले ने फर्जी कमेटी बनाकर स्वयं इस्तीफा दे दिया। और उर्स में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया। किंतू बाबा का उर्स 2 जून 2025 को से मनाया जावेगा जिसमे बाहर से आए कब्बाल हिफ्जुल रहमान हकीमी कव्वाल कोटा एवं शाहरूख हुसैन कब्बाल पार्टी नागपुर तमाम रात महफिले कव्वालियों का प्रोग्राम पेंश करेंगे। मैं दरगाह खादिम फीरोज शा आप सभी से गुजारिश करता है कि फिजूल की अफवाहों में न आये और उर्स में शिरकत कर फैजयाब हो।

## बी डी भट्ट का निधन

**दमोह।** गुलाब शिशु मंदिर के संचालक भाई मनीष भट्ट एवं एडवोकेट आशीष भट्ट के पिताजी इंजीनियर बी डी भट्ट का गुरुवार की सुबह लोकगमन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान योजना का प्रचार रथ रवाना

**दमोह।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गांव गांव में प्रत्येक किसान तक केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की योजना का लाभ पहुंचाने को लेकर कार्य प्रारंभ किया गया है। 29 मई से 12 जून 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों को प्रचार रथ के माध्यम से जानकारी पहुंचाने की योजना का प्रदेश के साथ जिले में भी शुभारंभ हो गया है। प्रदेश सरकार के पशु पालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री लखन पटेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कलेक्ट्रेट से एक प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि भारत सरकार की एक अति महत्वाकांक्षी योजना प्रारंभ की गयी है, जिसमें लेब टू लेंड के तहत प्रयोगशाला में तय चयनित फसलों को खेतों में उत्पादन करने पर बल दिया जा रहा है। इसका लाभ प्रत्येक किसान भाईयों तक पहुंचे इसके लिये प्रचार प्रसार रथ रवाना किया गया है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा जिले में कृषि उत्पाद ब्रांड बने इस दिशा में कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। किसान भाईयों को भी इस दिशा में प्रयास तेज करना चाहिये। इसके पूर्व राज्यमंत्री लखन पटेल की अध्यक्षता में एक बैठक संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गयी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर मौजूद थे। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य योजना तैयार की गयी है। खरीफ की फसलों पर अभी नजर है और क्षेत्र में औषधीय खेती को बढावा देने पर भी कार्य चल रहा है। इसके लिए एक नियंत्रण कक्ष बनाया गया है जिनमें समस्याओं शिकायतों का संकलन और निराकरण किया जायेगा। विधानसभा एवं विकासखण्ड स्तर के दल बनाये गये है, जिनमें वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग के योग्य अनुभवी अधिकारियों को रखा गया है। उन्होंने कहा मृदा परीक्षण भी इस अवसर पर किया जायेगा। प्रभारी उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास जे.एल.प्रजापति ने कृषि से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## जिले की प्रतिभाओं को कलेक्टर श्री कोचर ने किया सम्मानित



**दमोह।** भारतीय वन सेवा एवं मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाली जिले की प्रतिभाओं यथा कुमारी श्रुति जैन एवं अनामिका रोहित को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कु श्रुति जैन ने भारतीय वन सेवा में सफलता प्राप्त कर अपने दमोह जिले सहित पथरिया का नाम रोशन किया श्रुति के पिता दिनेश जैन किराना व्यापारी है, इसी तरह अनामिका रोहित ने अपनी नौकरी के साथ-साथ प्रयास करते हुए तकनीकी शिक्षा के रोजगार व कौशल विकास विभाग में उपसंचालक के पद पर सफलता प्राप्त की है। अनामिका के पिता आदिम जाति कल्याण विभाग में मंडला जिले में प्राचार्य के पद पर कार्यरत है अनामिका का परिवार दमोह का मूल निवासी है।

# दसोंदा पुल क्षतिग्रस्त, नहीं दिया ध्यान तो हो सकता है बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले की जनपद जबरा तेंदूखेड़ा दमोह को जोड़ने वाला ब्यारमा नदी का पुल अचानक से क्षतिग्रस्त हो गया। जब आज सुबह ग्रामीणों ने देखा तो ग्राम के सरपंच राम सिंह लोधी मनोज जैन देवी सिंह खिलान सिंह नन्नाई सिंह इसकी जानकारी इमलिया पुलिस चौकी पीडब्ल्यूडी विभाग को दी है। आशंका व्यक्त की जा रही है करीब दो दशक पुराने बुंदेलखंड पैकेज से बने दासौंदा पुल से जिला प्रशासन ने भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा रखी थी। लेकिन रात में भारी वाहन गुजरने से पुल क्षतिग्रस्त हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार पुल की क्षतिग्रस्त में दरारें दिखने लगी हैं, इसी वजह पुल से वाहन गुजरने पर वह हिलने लगता है। तत्काल बड़ी बहनों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है



बताया जाता है दसोंदा गांव को ओर से तीसरे नंबर के पिलर के बीच से पुल क्षतिग्रस्त हुआ है। पुल में भारी दरार दिखाई दे रही है जबकि दसोंदा में ब्यारमा नदी पर बना पुल तीन ब्लाकों को जोड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण मार्ग है जिससे सैकड़ो की संख्या गांव का आवागमन होता है सुरक्षा की दृष्टि से पुल पर भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतयाः प्रतिबंधित किया जाना जरूरी है। क्योंकि दासौंदा राजघाट से झापन झलौन दिनारी बरबटा मार्ग के लिए वाहन इसी पुल से होकर गुजरते हैं जिसकी वजह से लगातार इस पुल पर वाहनों का लोड बना रहता है ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से क्षतिग्रस्त हुआ दसोंदा पुल अति शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सुधीर कुमार कोचर कलेक्टर दमोह का कहना है कि में दिखवाता हूं सुरक्षा की दृष्टि से जो भी जरूरी उपाय होंगे करवाता हूं।

## सुनार, कोपरा नदी के मढकोलेश्वर पर जन अभियान और ग्रामवासियों ने किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

सेक्टर नरसिंहगढ़ नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हरद्वानी मध्यप्रदेश शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है इसी को लेकर पथरिया विकासखंड के ग्राम मढ़कोलेश्वर में सुनार कोपरा नदी के घाट पर बड़ी संख्या में बच्चे,महिलाएं, बुजुर्ग,युवा,सभी ने मिलकर जल को स्वच्छ एवं जल संरक्षण के लिए घाट की साफ सफाई की। इस अवसर पर म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील नामदेव जी जल का महत्व बताते हुए ग्रामीणों के लिए जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। अगर हमें जीवन अच्छी तरह जीना है,तो हम सबको मिलकर पानी को सहेजना होगा छोटी छोटी कोशिश के माध्यम से जल बचा सकते हैं। सभी को जल के प्रति जागरूक करना है ब्लॉक समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय बताया नदी हो तालाब जो भी जल स्त्रोत है। उनका की निरंतर साफ सफाई रख रखाव हम सभी का कर्तव्य है बच्चों को बचपन से ही जल के महत्व के बारे में बताना जरूरी है अमृत पटेल ने बताया ग्रामीणों के साथ हम सभी मिलकर जल के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। गोपाल पटेल समाजसेवी बताया जल के बिना जीवन की कल्पना नही की जा सकती है हमें आज से नही अभी से जल संरक्षण का संकल्प लेना होगा। अंत मे सभी ने मिलकर सामाजिक समरसता सहभोज का आयोजन हुआ। कृष्ण पटेल सरपंच नरोत्तम परामर्शदाता रवि तिवारी, धर्मेंद्र बलवान, राजवेंद्र रामेश्वर, मनोहर मुलायम, गोविंद, मोहन सुरेंद्र आकाश मनोज अनिल अभिषेक प्रमोद अतीत आर्यन आदित्य आवेश किशन सौरभ रामेश्वर विष्णु हल्ले आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### अवैध भूसा परिवहन पर कार्रवाई

# सिग्रामपुर पुलिस ने जप्त की तीन गाड़ियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर पुलिस ने कलेक्टर दमोह के निर्देश के बाद अवैध भूसा परिवहन पर कार्रवाई करते हुए तीन गाड़ियों को जप्त किया है। ये गाड़ियां जबलपुर जिला में अवैध रूप से भूसा परिवहन करने जा रही थीं। सिग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुडे ने बताया कि अवैध भूसा परिवहन को देखते हुए तीन गाड़ियों को जप्त किया गया है- आगे भी अवैध भूसा परिवहन पर कार्रवाई जारी रहेगी।बता दें दमोह जिले से जबलपुर जिले मैं प्रतिबंध के बावजूद अवैध भूसा परिवहन की जाता है जिसके चलते सिग्रामपुर पुलिस भूसा परिवहन पर रोक लगाने और जिले से बाहर भूसा परिवहन के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह कार्यवाही करते हुए भूसा से लोड तीन वाहन जप्त किए है।

## निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी का तारादेही ग्राम से हुआ विहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

गुरूवार को निर्यापक सुधासागर महामनिराज के ससंघ की तारादेही ग्राम में आहारचर्या हुई है। तारादेही के अंकित सिघई के परिवार को सुधासागर जी महामुनिराज को अहार देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके बाद शाम लगभग 5 बजे ससंघ का तारादेही ग्राम से देवरी महाराजपुर की ओर विहार हो गया है। जिनका रात्रि विश्राम झमरा ग्राम होगा साथ ही आज रमखिरियां में अहाचर्या होगी। ज्ञात हो कि निर्यापक महामुनिराज सुधासागर जी महाराज जी के साथ मे गंभीर सागर जी, वरिष्ठ सागर जी एवं विदेही सागर जी ससंघ बैलखेड़ा जिला जबलपुर से मंगलवार को विहार हुआ था जो वरकछार का पहाड चढकर जंगली रास्ते से इमलियां, कूडा होकर ग्राम चंदना पहुंचे थे जिनका रात्रि विश्राम चंदना में हुआ था साथ ही बुधवार को चंदना में अहार लेकर विहार हो गया था। शाम को तारादेही ग्राम पहुंच गए थे। तारादेही ग्राम की समाज ने गाजे बाजो के साथ महामुनिराज की भव्य आगवानी की गई थी।

**कार्यालय नगर परिषद**
**पटेरा जिला दमोह (म.प्र.)**
क्र/राज/ न.प. /2025/768
पटेरा दिनांक 29/05/2025

**इस्तहार**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति सुमन विश्वकर्मा पति श्री कन्हैया लाल वार्ड क्रमांक. 01 ग्राम पटेरा की निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र. 934/1 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र. 934/1 वार्ड क्रमांक 01 श्री केशरी गर्ग पिता श्री श्यामसुन्दर गर्ग का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन / प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनांक 29/05/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा जिला दमोह**